माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 272 / 02 / सम्ब0 / प्रशा0 / MSU / 2023–24 दिनांक : 27/05/23

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।

विषय – सत्र 2023–24 से सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु निरीक्षण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ऐसे महाविद्यालय जिनके द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 से सम्बद्धता हेतु आवेदन किया गया था। उन महाविद्यालयो क ऑनलाइन निरीक्षण मण्डल गठित कर दिया गया था। विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–47 / 02 / सम्ब0 / प्रशा0 / MSU / 2022–23, दिनांक : 18.04.2023, पत्र संख्या–152 / 02 / सम्ब0 / प्रशा0 / MSU / 2023–24, दिनांक : 09.05.2023 एवं पत्र संख्या–241 / 02 / सम्ब0 / प्रशा0 / MSU / 2023–24, दिनांक : 17.05.2023 द्वारा ऐसे महाविद्यालयों को अतिशीघ्र निरीक्षण कराकर निरीक्षण आख्या ऑनलाइन अपलोड करते हुये पत्रावली विश्वविद्यालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु महाविद्यालयों द्वारा समय से निरीक्षण कराकर निरीक्षण आख्या अपलोड करने में रूचि नहीं ली जा रही है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि जिन महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा अभी तक निरीक्षण नहीं कराया गया है। वह महाविद्यालय / संस्थान 31 मई, 2023 तक निरीक्षण कराकर ऑनलाइन आख्या अपलोड कराते हुये पत्रावली विश्वविद्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में अन्तिम तिथि के उपरान्त निरीक्षण आख्या ऑनलाइन अपलोड नहीं हो पायेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा। अन्तिम तिथि के उपरान्त यह मानते हुये की महाविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2023–24 से सम्बद्धता हेतु इच्छुक नहीं है। समस्त लम्बित आवेदन निरस्त कर दिये जायेगे।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन।
02. उपकुलसचिव।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

/

कुलसचिव